संख्या–2224 / 30–1–2010–7(41) / 07टी0सी0(ए)

प्रेषक,

शीला कनौजिया,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 परिवहन निगम,
लखनऊ।

परिवहन अनुभाग–1 लखनऊः दिनांकः 20 सितम्बर,2010

विषय :–पी0पी0पी0 पदति पर बस स्टेशनों के विकास के सम्बन्ध में बी0ई0सी0 की बैठक दिनांक 16.9.2010 में लिये गये निर्णय के संबंध में।

महोदय,

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 16.9.2010 को सम्पन्न बी0ई0सी0 की बैठक में निम्नवत निर्णय लिया गया है :–

उपसमिति ने बी0ई0सी0 के समक्ष ये तथ्य प्रस्तुत किये कि कुल 242 बस स्टेशनों को आर0एफ0क्यू0 में शामिल किया गया था। जिनमें से 21 बस स्टेशनों के स्वामित्व पर विवाद अथवा अभिलेखों का न होना भी बताया गया। यह भी अवगत कराया गया कि कुल 17 बिड पार्सल में मा0 5 बिड पार्सल पर ही बिडर्स ने भाग लिया। अतः विचार–विमर्श के उपरान्त बिड मूल्यांकन समिति ने यह निर्णय लिया कि उक्त स्थिति में अब तक की आर0एफ0क्यू0 की कार्यवाही को निरस्त कर दिया जाए। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि बिड पार्सल में निर्विवाद एवं स्पष्ट रूप से निगम के स्वामित्व वाले बस स्टेशन सम्मिलित किये जाएं।

उपरोक्त के दृष्टिगत इस आर0एफ0क्यू0 की अब तक की समस्त कार्यवाही निरस्त की जाती है।

3– कृपया उक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(शीला कनौजिया)
अनु सचिव।